16-02-18 को पेश हो।

16/2/18 पत्रावली पेश हुई। प्रतिवादी सं. 4/1 से 4/5 की ओर से ~~[illegible]~~ वकालतनामा पेश। पत्रावली वास्ते तलबी इंतजार दिनांक 13/3/18 को पेश हो।

13-03-18 पत्रावली पेश हुई। वकील अग्रपक्ष उप०। प्रतिवादी सं० 4/1 से 4/5 की ओर से पूर्व में ही शिवगौतम सोलंकी एडवोकेट वकालतनामा पेश कर चुके हैं। वकील वादी ने अखबारी इश्तहार पेश किया जो जारी किया जाकर मिसल वास्ते तलबी दिनांक 26-04-18 को पेश हो।

26-04-18 पत्रावली पेश हुई। मिसल न्याय अपने द्वार शिविर में श्योपुर में दिनांक 04-05-18 को पेश हो।

04-05-18 पत्रावली पेश हुई। पक्षगण उपस्थित नहीं। पत्रावली का अवलोकन किया गया। वकील वादी प्रतिवादीगण की तलबी में रुचि नहीं ले रहे हैं। दिनांक 13-03-18 को जरिये अखबार करवाने हेतु नोटिस जारी किया गया था परन्तु वकील वादी ने उक्त नोटिस आदिनांक तक अखबार में छपा नहीं करवाया है जिससे उनकी दावा में रुचि नहीं होना जाहिर होता है। अतः रुचि के अभाव में दावा वादी इसी स्तर पर ड्रॉप किया जाता है। मिसल फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील तरमीम जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।